## महत्वपूर्ण एवं खास

### चक्रधर समारोह : कलाकार चयन समिति की बैठक 28 को

**रायगढ़।** 38 वां चक्रधर समारोह-2023 का आयोजन 19 से 21 सितम्बर 2023 तक नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट, रायगढ़ में किया जाएगा। चक्रधर समारोह में कलाकारों को आमंत्रित/शामिल किए जाने हेतु अध्यक्ष कलाकार चयन समिति की अध्यक्षता में जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में 28 अगस्त 2023 को सायं 5 बजे बैठक आहूत की गई है।

### जिले में 803.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 25 अगस्त तक 803.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 770.7 मिली मीटर, पुसौर में 900.2, खरसिया में 550.4, घरघोड़ा में 679.5, तमनार में 781.2, लैलूंगा में 802.4, मुकडेगा में 886.6, धरमजयगढ़ में 948.4, छाल में 722 एवं कापू में 995 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### निशुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन में 10वीं उत्तीर्ण, सिलाई मशीन के लिए 5 वीं उत्तीर्ण, प्लंबर के लिए 5 वीं उत्तीर्ण, फुड एवं बेवरेज सर्विस-स्टीवर्ड-10वीं उत्तीर्ण, डोमेस्टिक इलेक्ट्रिशियन में 8 वी उत्तीर्ण, डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर 10वी उत्तीर्ण एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट 10वीं पास कोर्स में नि:शुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण प्रशिणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अथवा लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ मोबाईल नं 9340399939, 9770040223 एवं 7999739156 से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### पानी में डूबने से मानसिंह भोय की असामयिक मृत्यु

**रायगढ़।** तहसील पुसौर के ग्राम-तेतला निवासी मानसिंह भोय की 16 अप्रैल 2022 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात एसडीएम रायगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के अनुसार मृतक की पुत्री माला भोय को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### पटवारी प्रशिक्षण शाला में 12 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु किया गया चयनित

**रायगढ़।** कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले से कुल 30 पदों के विरूद्ध 1 भूतपूर्व सैनिक नहीं मिलने के कारण वर्गवार 29 अभ्यर्थियों का चयन कर पटवारी प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु भेजा गया था। जिसमें से 10 अभ्यर्थियों द्वारा अपनी उपस्थिति नहीं दिए जाने तथा 2 अभ्यर्थियों द्वारा त्याग पत्र प्रस्तुत किए जाने के फलस्वरूप उनके स्थान पर संशोधित प्रतीक्षा सूची के अनुसार वर्गवार कुल 12 अभ्यर्थियों को पटवारी प्रशिक्षण शाला में आगामी सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु चयनित किया गया है। चयनित 12 अभ्यर्थियों में अनारक्षित मुक्त में सुरेश कुमार पटेल, नवल किशोर चौधरी, पंकज पटेल एवं चंद्रशेखर जायसवाल शामिल है। इसी तरह अनारक्षित महिला में आरती देवांगन, अंजू नायक, शशिकला साहू एवं संगीता गुप्ता, अनुसूचित जाति मुक्त में शिवराज कुर्रे, अनुसूचित जाति महिला में सीमा चौहान एवं अनुसूचित जनजाति मुक्त में गजानंद सिदार एवं विवेक कुमार भगत शामिल है। उक्त सूची का अवलोकन रायगढ़ जिले की वेबसाईट http://raigarh.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

### मतदाता जागरूकता के लिए शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता प्रारंभ

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता हेतु शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता का शुरूआत किया गया है। प्रतियोगिता का अंतिम तिथि 01 सितंबर 2023 है। ईमेल- sarbilasveep2023@gmail.com इंस्टाग्राम sarbilasveep2023 (सारबिलास्वीप 2023) और व्हाटसअप नंबर-9691608380 में प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी अपनी जानकारी, वीडियो, इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर कर सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी का नाम जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के मतदाता सूची में रहना अनिवार्य है।

# भाभी ने रची ननंद की हत्या की साजिश : रास्ते से हटाने रायगढ़ निवासी युवकों को दी गई एक लाख में सुपारी

**❐ घरघोड़ा पुलिस और साइबर सेल रायगढ़ के ज्वाइंट एक्शन में पकड़ाए साजिशकर्ता भाभी सहित कुल 4 आरोपी**



**रायगढ़।** घरघोड़ा के वार्ड क्रमांक 3, उरांवपारा में गत 21 अगस्त की सुबह रमा उरांव पिता स्वर्गीय मयाराम उरांव (उम्र 30 वर्ष) पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सोते समय हमला करने के मामले में रायगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घरघोड़ा पुलिस और रायगढ़ साइबर सेल की संयुक्त टीम ने 72 घंटे के भीतर न सिर्फ मामले का खुलासा किया है अपितु हमलावर युवकों सहित प्लानिंग करने वाले और घटना को अंजाम देने के लिए हमलावरों को पैसे देने वालों को भी गिरफ्तार किया है।

बीते 21 अगस्त को उरांवपारा निवासी युवती रमा उरांव पर सोते समय अज्ञात युवकों द्वारा सुबह उस वक्त हमला किया गया था जब उसकी मां बाथरूम की ओर गई थी। युवती के बताए अनुसार हमले के लिए घुसे युवकों ने सबसे पहले युवती का मुंह दबा दिया और धारदार हथियार से उस पर हमला किया पर मुंह पर हाथ पड़ते ही युवती जाग गई और उसने दांतों से युवक की उंगलियों को काटा जिससे हमलावर सफल न हो सके और भाग निकले।घटना में घायल युवती के दांत टूट गए और गले में चोट आई थी। युवती ने घटना का वृतांत अपनी मां और परिजनों को बताया और थाने में शिकायत दर्ज करवाई जिस पर घर घुसकर हत्या कर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित सुसंगत धाराओं पर अपराध दर्ज किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करते हुए तत्काल थाना घरघोड़ा प्रभारी निरीक्षक शरद चंद्रा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरू किए। पीड़िता के बताए तथ्यों के आधार पर साइबर सेल को बुलाकर टेक्निकल डाटा इकट्ठा किया गया तथा सीसीटीवी भी खंगाले गए।

इसी क्रम में पीड़िता की भाभी की संदेहास्पद भूमिका परिलक्षित होने पर जब हिकमत अमली से पूछताछ की गई तो सारा मामला खुला जिस पर रमा की भाभी धनकुंवर तिग्गा ने अपने खुलासे में बताया कि उसका पति रामलाल एसईसीएल कर्मचारी है जिसकी तीन बहने हैं उनमें से बाकी दो की शादी हो चुकी है और रमा बस अविवाहित बची है, शादी होकर आने के कुछ साल बाद से ही इसकी सास रंगवती और इसकी ननद रमा अक्सर खेत मकान और जमीन के बंटवारे को लेकर झगड़ा विवाद करते रहते हैं और इसके घर के ठीक सामने रहते हैं चूंकि रमा की शादी भी नहीं हो रही थी इसलिए एक दिन तंग आकर जब उसने अपनी छोटी बहन दिशा भगत से इस बारे में चर्चा की तो दोनों ने मिलकर रमा को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया और दिशा भगत जो बेंगलुरु में रहकर नर्स का काम करती है उसके परिचित रायगढ़ निवासी राजू गुप्ता से संपर्क करवाया जो 3 अगस्त को धनकुंवर तिग्गा से मोबाइल के जरिए संपर्क करके घरघोड़ा मिलने पहुंचा जहां रेकी करवाने और बातचीत के बाद रमा को जान से करने का सौदा रु. 1,00,000 में इन लोगों ने तय किया जिनके करीब एक हफ्ते बाद राजू गुप्ता दोबारा जाकर रु. 50,000 नगदी एडवांस लेकर गया बाकी रकम कम होने के बाद देने का तय किया गया। घटना दिनांक की पूर्व रात्रि 20 अगस्त को राजू गुप्ता अपने दो अन्य साथी विकास चक्रवर्ती उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम हमीरपुर थाना तमनार और मनिकेतन सिदार उम्र 25 वर्ष ग्राम गैरबहरी थाना तमनार के साथ मोटरसाइकिल से घरघोड़ा आकर पीड़िता की भाभी दनकौर तिग्गा के पास रुका और मौका देखकर सामने रह रही राम के कमरे में घुसकर उस पर हमला किया गया हमले के दौरान रमा के पलटवार से हड़बड़ा कर हमलावर भाग निकले इसके बाद हड़बड़ा कर धनकुंवर ने भी अपने मोबाइल का सिम निकाल कर तोड़ दिया और उसके बाद हमलावरों को अंडरग्राउंड होने और संपर्क नहीं करने को कहा। आरोपीय धन कुंवर के बयान के आधार पर हमले के लिए रकम लेने वाले और हमले में शामिल राजू गुप्ता विकास चक्रवर्ती और मिनकेतन सिदार को साइबर सेल के साथ मिलकर अलग-अलग ठिकानों से हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त हथियार और वाहन भी बरामद कर लिए गए हैं।

एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा-निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़/ सायबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन पर पूरे मामले के खुलासे और आरोपियों की धर पकड़ में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा के नेतृत्व में एएसआई राजेश मिश्रा, एएसआई रामसजीवन वर्मा, एएसआई विलफ्रेड मसीह, आरक्षक प्रहलाद भगत, सुमीत उराँव, भानुप्रताप चंद्रा सायबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, आरक्षक महेश पंडा, प्रशांत पंडा, विक्रम सिंह और नवीन शुक्ला की अहम भूमिका रही है।

## जिले के समस्त विकासखण्डों में मनाया जा रहा राष्ट्रीय नेत्र दान पखवाड़ा



**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में 25 अगस्त से 08 सितम्बर 2023 तक रायगढ़ सहित समस्त विकासखण्डों में नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तारतम्य नेत्र सर्जनों एवं विकासखण्ड के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा नेत्रदान एवं अंधत्व के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया जा रहा है कि कार्निया में किसी भी प्रकार के चोट लगने से सफेदी हो जाती है जिसका उपचार कार्नियल ट्रॉसप्लांट कर दृष्टि वापस लायी जा सकती है तथा मृत्यु पश्चात ही नेत्रदान की जाती है। नेत्रदान से किसी दृष्टिहीन व्यक्ति के जीवन में नई रोशनी आ सकती है नेत्रदान करने वालों की आयु 05 वर्ष से 60 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्ति की ऑख दान के लिये उपयुक्त मानी जाती है। लेकिन रैबिज, टीटनस, हेपेटाईटिस, सर्पदंश, जहर सेवन, जलने से या पानी में डुबने से हुई मृत्यु में नेत्रदान के लिये उपयुक्त नहीं माना जाता है। नेत्रदान करने के लिये औपचारिकताओं की आवश्यकता नहीं है, मृत व्यक्ति के परिजनों या उत्तराधिकारी के अनुमति पर नेत्र निकालने की प्रक्रिया की जाती है। नेत्रदान की प्रक्रिया मृत्यु होने के 06 घण्टे के अंदर पूरी कर ली जानी चाहिए इसके लिये जितनी जल्दी हो सके परिजनों या उत्तराधिकारी को इसकी सूचना चिकित्सकीय टीम को दी जानी चाहिए।

## अवैध शराब विक्रेताओं और शांतिभंग करने वालों पर चक्रधरनगर पुलिस का सख्त रुख : दो अलग-अलग मामलों में 25 लीटर महुआ शराब जब्त

**❐ आईटीआई कॉलोनी में उत्पात मचा रहे 4 व्यक्तियों पर 151 सीआरपीसी की कार्रवाई**



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के अवैध शराब पर कार्यवाही के दिए गए सख्त निर्देशों पर चक्रधरनगर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव अहेर के नेतृत्व में चक्रधर नगर पुलिस अवैध शराब विक्रेताओं पर आक्रामक रुक अपनाये हुए हैं। पुलिस सूचना तंत्र सुदृढ़ कर योजना बाद तरीके से प्रत्येक दिन नये इलाके दबिश दे रही है। इसी क्रम में कल दिनांक 24/08/2023 के शाम ग्राम जामगांव, तिलगा, झारगुडा, भगोरा की ओर रवाना हुई चक्रधरनगर पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम झारगुड़ा में आरोपी सुनील राठिया पिता बंधुराम राठिया उम्र 19 साल झारगुड़ा थाना चक्रधरनगर को उसके घर के बॉडी में अवैध बिक्री के लिए रखे हुए 10 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है।

वहीं झारगुड़ा जंगल में विधि के साथ संघर्षरत बालक के कब्जे से 15 लीटर अवैध महुआ शराब प्राप्त हुआ है। दोनों पर पृथक पृथक 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही

वहीं आईटीआई कॉलोनी अम्बेडकर आवास में दो पक्षों के झगड़ा विवाद की सूचना पर तत्काल मौके पर जाकर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के चार व्यक्ति – (1) कमल पंजवानी पिता चंद्रपाल पंजवानी 22 साल (2) रमेश दास महंत पिता विशाल दास महंत 48 साल (3) नंदू दास महंत पिता रमेश दास महंत 20 साल (4) कृष्ण यादव पिता गोविंद यादव 37 साल सभी निवासी आईटीआई कॉलोनी थाना चक्रधरनगर को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिन पर आज प्रतिबंधक धारा 107, 116(3), 151 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया है।

## जिले में अब तक 2417 पशुओं में रेडियम बैंड, 2559 पशुओं में टैगिंग तथा 783 पशुओं को सड़कों से गौशाला व गौठान में किया गया विस्थापित

**❐ खरसिया एवं रायगढ़ विकासखण्ड क्षेत्र के 318 पशुओं को लगाया गया रेडियम बेल्ट एवं किया गया टैगिंग**

**❐ नेशनल हाईवे पर पाये जाने वाले घुमन्तू पशुओं में रेडियम बैंड एवं टैगिंग के लिए चलेगा विशेष अभियान**



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर पशुओं से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से जिले में खुले में विचरण करने वाले पशुओं के गले में रेडियम बैंड एवं टैगिंग का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। जिसके तहत राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्ग पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं के विस्थापन हेतु पशुधन विकास विभाग रायगढ़ द्वारा आगामी दिनों विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गो पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं को रेडियम बेल्ट एवं टैगिंग के साथ ही पशुपालकों को जागरूक भी किया जाएगा।

इसी कड़ी में बीते 24 अगस्त की रात्रिकाल में विकासखण्ड खरसिया के ग्राम-बरगढ़, छोटे देवगांव, बोतल्दा, चपले तथा खरसिया नगर, विकास खण्ड तमनार अंतर्गत ग्राम तमनार, धौराभांठा तथा रायगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत ट्रांसपोर्टनगर आदि क्षेत्रों में एक साथ अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 318 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया गया एवं टैगिंग किया गया। साथ ही विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पशुपालकों को अपने पशुओं को खुले में नहीं छोडऩे हेतु जागरूक किया गया। जिले में आज अब तक कुल 2417 पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाया गया है तथा 2559 पशुओं में टैगिंग किया गया है एवं 783 पशुओं को सड़कों से गौशाला, गौठान एवं अन्य जगहों पर विस्थापित किया गया है।

**चलेगा विशेष अभियान-** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 28 अगस्त से 3 सितम्बर 2023 तक राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गो पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाने एवं टैगिंग के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही विभाग द्वारा पशुपालकों के व्यवहार परिवर्तन हेतु ग्रामों, वार्डो में शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, ताकि पशुपालकों को पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें पशुओं को खुले में न छोडऩे तथा घर में ही बांधकर रखने हेतु आग्रह किया जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं के साथ ही पशुओं को भी सुरक्षित रखा जा सके।

## मानवीय पहल : वृद्ध महिला की गुहार पर कोतवाली पुलिस ने महिला के मानसिक रूप से अस्वस्थ नाती को मनोरोग अस्पताल में कराया गया भर्ती




**रायगढ़।** दिनांक 24.08.2 को थाना कोतवाली में स्थानीय वृद्ध महिला आकर नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय और थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को उसके 25 वर्षीय नाती की मानसिक स्थिति सही नहीं होने की जानकारी देकर ईलाज कराने में सहयोग करने का निवेदन की। नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली को अस्वस्थ युवक का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर महिला की आवश्यक मदद करने कहा गया। टीआई कोतवाली शनिप रात्रे द्वारा युवक का स्थानीय डॉक्टर से परीक्षण कराकर माननीय सीजेएम कोर्ट रायगढ़ में युवक के मानसिक स्थिति अस्वस्थ होना दर्शाते हुए आवश्यक उपचार के लिए मानसिक उपचार केंद्र सेन्दरी प्रेषित किए जाने हेतु निवेदन किया गया। थाना कोतवाली के प्रतिवेदन पर माननीय न्यायाधीश द्वारा युवक को आवश्यक उपचार के लिए कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया जिसे आज थाना कोतवाली के आरक्षक आशीष महंत द्वारा राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी बिलासपुर अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया है।

## दुर्घटनाओं को रोकने एनएचएआई और हाइवे के पास खुलेंगे गोशाला

**रायपुर (आरएनएस)।** बेसहारा पशुओं से लगातार सडक़ दुर्घटना और लोगों की मृत्यु के बाद अब राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य मार्गों के समीप गोशाला खोलने के लिए सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य गो-सेवा आयोग ने अशासकीय संस्थाओं, एनजीओ से नए गोशालाओं के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया है। गो-सेवा आयोग का तर्क है कि बेसहारा पशुओं के व्यवस्थापन करने के बाद उन्हें सडक़ पर आने की जरूरत नहीं होगी।

गोशाला में ही उनके खाने-पीने, रहने का इंतजाम किया जाएगा। यातायात विभाग की रिपोर्ट पर गौर करें तो 18 महीनों में बेसहारा पशुओं की वजह से या इनसे टकराकर 128 लोगों की मौत हो चुकी है। 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 तक प्रदेश में 141 दुर्घटनाओं में 92 लोगों की मौत हो गई, वहीं 51 घायल हुए, वहीं 1 जनवरी 2023 से 15 जुलाई 2023 के बीच 55 सडक़ दुर्घटना में 36 लोगों की मृत्यु और 15 घायल हुए। राज्य गो-सेवा आयोग के अधिकारियों ने बताया कि गोशाला के पंजीयन के बाद संस्थाओं को अनुदान राशि का अनुमोदन किया जाएगा।

## तेल प्रसंस्करण इकाई से महिलाओं का हो रहा आजीविका संवर्धन

**❐ रीपा से जुड़ी उमा समूह की महिलाओं द्वारा प्रारंभिक चरण में 130 लीटर तेल का किया गया उत्पादन**

**❐ 250-350 रूपए प्रति लीटर की दर से तेल का कर रहीं विक्रय**



**कोरबा (आरएनएस)।** महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क से ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव सामने आ रहे हैं। रीपा के माध्यम से उन्हें रोजगार का प्रमुख जरिया मिला है। जहां संचालित आजीविका संवर्धन कार्यो से जुडक़र ग्रामीण महिलाएं स्वावलंबन की राह पर अग्रसर हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के जनपद पंचायत करतला के ग्राम कोटमेर में स्थापित ग्रामीण औद्योगिक केंद्र में तेल प्रसंस्करण, दाल प्रसंस्करण, आचार-पापड़ निर्माण जैसे विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं। इनसे महिलाओं को अपने घर के पास ही नियमित रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है और वे आत्मनिर्भर बन रहीं हैं।

ग्राम पंचायत कोटमेर में स्थापित रीपा से जुड़ी उमा स्वसहायता समूह की महिलाएं तेल प्रसंस्करण का कार्य कर रही हैं। उनके द्वारा तेल प्रसंस्करण का कार्य करते हुए सरसों, मूंगफली, डोरी आदि का तेल निकाला जा रहा है। एनआरएलएम के क्षेत्रीय समन्वयक सुरेश निर्मलकर ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर महिलाओं द्वारा सरसों और मूंगफली का प्रसंस्करण कर लगभग 130 लीटर तेल निकाला गया है, जिसे समूह की महिलाएं सीमार्ट, हसदेव मार्ट और स्थानीय बाजार में 250 रू. से लेकर 350 रू. प्रति लीटर की दर से विक्रय कर रही है। इससे प्राप्त लाभ से समूह की महिलाओं का आजीविका संवर्धन हो रहा है जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में अपना योगदान दे रहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि करतला एक वन आच्छादित क्षेत्र है, जहां पर ग्रामीणों द्वारा वनोपज संग्रहण किया जाता है। यहां पर अच्छी गुणवत्ता का महुआ बहुतायत में पाया जाता है। जिससे डोरी अधिक मात्रा में उपलब्ध रहता है। डोरी तेल शुद्ध एवं प्राकृतिक गुणों से संपन्न होता है। जिसका उपयोग यहां के लोग खाने, पूजा पाठ में तथा शरीर में लगाने में करते हैं। इसके साथ ही इस क्षेत्र में मूंगफली की खेती भी पर्याप्त मात्रा में होती है, जिससे मूंगफली भी यहां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहता है। तेल प्रसंस्करण इकाई द्वारा निकाला गया तेल शुद्ध, रसायन रहित, अच्छी गुणवत्ता की है, जिसकी पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग का कार्य भी समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480